राम दुलारे है अंजनी के प्यारे है हनुमानजी भजन लिरिक्स

राम दुलारे है,
अंजनी के प्यारे है,
भक्तो के बिगड़े काम,
पल में सँवारे है,
जय हो तुम्हारी हनुमान,
माँ अंजनी के लाला।bd।

तर्ज – अब ना छुपाऊंगा।
भजन – उज्जैन के राजा है।

चैत सुदी पूनम मंगल,
पाया तुमने है जनम,
हरपल केवल करते हो,
राम नाम का ही सुमिरन,
सारा जग ये माने,
तुम हो राम दीवाने,
राम की धुन में खोकर,
रहते बन मस्ताने,
राम के सेवक है,
दीनो के साथी है,
सारी दुनिया इनकी,
महिमा को गाती है,
जय हो तुम्हारी हनुमान,
माँ अंजनी के लाला।bd।

मेहंदीपुर सालासर में,
सुन्दर रूप निराले है,
अपने भक्तो के संकट,
तुमने पल में टाले है,
सियाराम की मूरत,
ह्रदय बिच बसाई,
तुम पर प्राण न्योछावर,
करते है रघुराई,
शिव के अवतारी हो,
सब पर उपकारी हो,
अपने भक्तो के बाबा,
तुम पालनहारी हो,
Bhajan Diary Lyrics,
जय हो तुम्हारी हनुमान,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राम दुलारे है,
अंजनी के प्यारे है,
भक्तो के बिगड़े काम,
पल में सँवारे है,
जय हो तुम्हारी हनुमान,
माँ अंजनी के लाला।bd।

Singer – Girish Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com